🅿🅾🅻🅸🅲🅴 🅲🆁🅰🅲🅺🅳🅾 🅽

🚖 प्रेस नोट-19

♦️ जनपद हाथरस। ♦️

〰 दिनांक- 05.01.2025 〰

**‼️ आज दिनांक-05.01.25 को थाना हाथरस गेट पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना हाथरस गेट क्षेत्रांतर्गत निवासी जियो कम्पनी के मैनेजर की अपहरण की घटना के अभियोग में वांछित अभियुक्तगणो से हुई पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 02 अभियुक्त प्रशांत व अंशुल उर्फ गोलू घायल/गिरफ्तार व कांबिंग के दौरान 01 अन्य अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस व एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद। ‼️**

**दिनांक-04.01.25 को स्पेशल टॉस्क फोर्स (STF) एवं हाथरस पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में उक्त फिरौती हेतु अपहरण की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 अभियुक्तो को पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त व 02 अभियुक्तो को कांबिग के दौरान गिरफ्तार किया गया तथा अपहृत को सकुशल बरामद किया गया था।**

**उक्त घटना में शामिल 04 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त घायल/गिरफ्तार तथा 03 अभियुक्तो को कांबिग के दौरान किया जा चुका है। कुल 07 अभियुक्तो को किया गया** है।

घटना का विवरण- दिनांक 02.01.2025 को थाना हाथरस गेट पर वादिया द्वारा तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि उनका पति अभिनव भारद्वाज जीओ फाइवर मे मैनेजर के पद पर कार्यरत है। जो दिनांक 01.01.2025 को दोपहर 1.00 बजे सिकन्द्रराऊ की कहकर गये हुए थे। शाम लगभग 07.00 बजे घर पर बात भी हुई थी अज्ञात अभियुक्तो द्वारा वादिया के पति अभिनव भारद्वाज का अपहरण कर 20 लाख रुपये फिरौती की मांग की जा रही है। वादिया की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया।

▶️पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा उक्त सनसनीखेज घटना को अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए अपहृत की शीघ्र सकुशल बरामदगी व घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु तत्काल थाना पुलिस व स्वॉट/सर्विलॉस टीम सहित 04 टीमों को लगाया गया था तथा घटना के सफल अनावरण हेतु व्यवसायिक दक्षता से सम्पन्न स्पेशल टॉस्क फोर्स (STF) की नोएड़ा यूनिट के साथ हाथरस पुलिस टीमो का समन्वय कराया गया। जिसके क्रम में गठित टीमो के कठिन परिश्रम व अथक प्रयासोपरान्त ग्राउन्ड, टेक्निकल इंटेलीजेन्स व अन्य श्रोतो से प्राप्त सूचनाओं के अभिसंकलन के तहत दिनांक 04.01.2024 को उक्त सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुये प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड के उपरांत तथा 02 अभियुक्तो को कांबिग के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अपहृत को सकुशल बरामद किया गया था।

▶️ उक्त घटना में शामिल अभियुक्त प्रशांत पुत्र महेश निवासी सहार थाना छतारी जनपद बुलंदशहर, अंशुल उर्फ गोलू पुत्र नेम सिंह निवासी हतीशा थाना हाथरस गेट व वीरेंद्र उर्फ प्रिंस पुत्र सतीश निवासी दिनेशपुर, जनपद रुद्रपुर, उत्तराखंड वांछित चल रहे

थे, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो लगातार जनपद मुरादाबाद, जनपद अल्मोडा व जनपद हाथरस में संभावित स्थानो पर दबिश देते हुये प्रयास किए जा रहे थे।

▶ आज दिनांक 05.01.2025 को थाना हाथरस गेट पुलिस टीम द्वारा अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग जनपद के विभिन्न स्थानों पर की जा रही थी। समय प्रातः 7:00 बजे थाना हाथरस गेट के रुहेरी किंदौली नहर कट के पास तहसील सदर की ओर से एक बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों को रुकने हेतु पुलिस टीम द्वारा संकेत दिया गया पर उन्होने रुकने के बजाय बाइक की स्पीड को और बढ़ा दिया तथा पुलिस टीम पर अचानक से फ़ायरिंग कर दिया। थाना हाथरस गेट पुलिस व एसओजी टीम द्वारा पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण प्रशांत व अंशुल उर्फ गोलू को घायल/गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया तथा कांबिग के दौरान एक अन्य अभियुक्त वीरेद्र उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 04 जिंदा कारतूस 315 बोर व एक स्पलैंडर मोटरसाइकिल बिना नंबर बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर जुर्म का इकबाल करते हुए द्वारा बताया कि अंशुल उर्फ गोलू, प्रशान्त, गौरव, गोलू उर्फ यश व वीरेन्द्र आपस में दोस्त हैं, हम लोग नैनीताल घूमने जाते थे तो होटल में हम लोगों की दोस्ती हो गयी थी और करन विष्ट ने सुजल, विशाल कुमार व विक्की निवासीगण अल्मोडा से हमारी मुलाकात कराई थी। दिनांक 01.01.2025 को अंशुल उर्फ गोलू से मिलने के लिए गोलू ठाकुर उर्फ यश, गौरव व प्रशान्त हतीसा आये थे फिर सभी लोग स्विफ्ट गाड़ी से सिकन्द्राराऊ गये। वहाँ से हम लोग जियो के मैनेजर अभिनव भारद्वाज का अपरहण कर अपनी गाड़ी मे बैठाकर अल्मोडा ले गये। वहाँ करन विष्ट और सुजल के माध्यम से होटल में कमरा लेकर अपहृत को रखा था। विशाल, विक्की व वीरेन्द्र भी आ गये और होटल में रहकर निगरानी करते थे और अपहृत के फोन से उसके घरवालों को फोन कर टिल्लू ताजपुरिया गैंग का नाम लेकर डरा धमकार कर 20 लाख रुपये की मांग की थी और परिवारीजनों को पैसा लेकर मुरादाबाद बुलाया। दिनांक 04.01.2025 को रात में चलकर फिरौती की रकम लेने के लिये मुरादाबाद आये थे तभी स्विफ्ट गाडी में गोलू ठाकुर उर्फ यश व गौरव, विक्की व विशाल कुमार उर्फ लाटा अपहृत को लेकर आये थे तथा करन विष्ट व सूजल स्कूटी पर आये थे। जिनकी मुरादाबाद में फिरौती का पैसा लेने के बाद पुलिस से मुठभेड हो गयी तथा अंशुल उर्फ गोलू, वीरेन्द्र व प्रशान्त चोरी की मोटरसाईकिल से आय़े थे जो मौका देखकर भागकर हाथरस आ गये। जिन्हें आज पुलिस द्वारा मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

▶ उक्त घटना में दिनांक-04.01.2025 को थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद क्षेत्रान्तर्गत पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त कांबिग के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त करन बिष्ट पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अलगांव ताना कोतवाली जनपद अल्मोडा व सूजल कुमार पुत्र सुरेशलाल निवासी कन्हेली थाना कोतवाली अल्मोडा उत्तराखण्ड को थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा आज दिनांक-05.01.2025 को माननीय न्यायालय मुरादाबाद से ट्रांजिट रिमाण्ड में लिया गया है। थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा अग्रेत्तर विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

▶ पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा पुलिस टीमो द्वारा घटना के सफल अनावरण करते हुये अपहृत को सकुशल बरामदगी करने के सम्बन्ध में पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 25000 रुपये के नगद पुरुस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.प्रशांत पुत्र महेश निवासी सहार थाना छतारी जनपद बुलंदशहर।

2.अंशुल उर्फ गोलू पुत्र नेम सिंह निवासी हतीशा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

3.वीरेंद्र उर्फ प्रिंस पुत्र सतीश निवासी दिनेशपुर, जनपद रुद्रपुर, उत्तराखंड।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 02 खोखा कारतूस व 04 जिंदा कारतूस
3. एक मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस रंग काला बिना नम्बर।

**अनावरित अभियोग-**

मु0अ0सं0 04/25 धारा 140(2) बीएऩएस थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

**MEDIA CELL HATHRAS**